समस्त पत्र व्यवहार कुलसचिव, लखनऊ विश्वविद्यालय को सम्बोधित करें, अन्य किसी अधिकारी के नाम से नही

पत्र संख्या :

दिनांक :

प्रेषक,

**कुल सचिव,**
लखनऊ विश्वविद्यालय,
लखनऊ–226007

सेवा में,

समस्त प्राचार्य / प्राचार्या,
लखनऊ विश्वविद्यालय से सहयुक्त / सम्बद्ध विद्यालय / महाविद्यालय,
लखनऊ / रायबरेली / सीतापुर / हरदोई / लखीमपुर खीरी।

विषयः दशमोत्तर छात्रवृत्ति एवं शुल्क प्रतिपूर्ति सत्र 2022–23 हेतु मास्टर डाटा भर कर विश्वविद्यालय स्तर से सत्यापित / अग्रसारित करवाने हेतु विश्वविद्यालय में हार्ड कॉपी जमा करने के सम्बन्ध में।

महोदय / महोदया,

कृपया उपर्युक्त विषयक के सन्दर्भ में अवगत कराना है कि दशमोत्तर छात्रवृत्ति एवं शुल्क प्रतिपूर्ति सत्र 2022–23 हेतु निदेशालय, समाज कल्याण विभाग के पत्र संख्या–127 / 2022 / 2936 / 26–3–2022–4(358) / 07 टी०सी० दिनांक 12.12.2022 के क्रम में विद्यालय / महाविद्यालय स्तर से मास्टर डाटा भरने की प्रक्रिया पूर्ण करने के उपरान्त भरे गये मास्टर डाटा को विश्वविद्यालय स्तर से अग्रसारित करवा कर अग्रिम कार्यवाही हेतु समाज कल्याण विभाग में प्रस्तुत करने हेतु कुलसचिव, लखनऊ विश्वविद्यालय को सम्बोधित पत्र के साथ अधिकृत अधिकारी द्वारा हस्ताक्षरित मास्टर डाटा का प्रिंटआउट (हार्डकॉपी) विश्वविद्यालय में दिनांक 02 जनवरी, 2023 तक प्रत्येक दशा में उपलब्ध कराना सुनिश्चित करें। इसके उपरान्त विश्वविद्यालय स्तर से मास्टर डाटा अग्रसारित करना सम्भव नहीं होगा, जिसके लिए आप स्वयं उत्तरदायी होंगें।

भवदीया,

(शशि प्रभा तिवारी)
सहायक कुलसचिव
(छात्रवृत्ति)

पत्र संख्या: SCSt/24682-84 दिनांक : 27/12/2022

प्रतिलिपि :

1. निदेशक, समाज कल्याण, प्राग नारायण रोड, लखनऊ को सूचनार्थ प्रेषित।
2. जिला समाज कल्याण अधिकारी, विकास भवन, सर्वोदय नगर, लखनऊ को सूचनार्थ प्रेषित।
3. इन्चार्ज वेबसाइट ल0वि0वि0।

27.12.22

सहायक कुलसचिव
(छात्रवृत्ति)